आकाशवाणी केन्द्र शिमला
08.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

## राष्ट्रपति–सतर्कता सप्ताह

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त न करने की सरकार की नीति भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म कर देगी। राष्ट्रपति आज नई दिल्ली में केंद्रीय सतर्कता आयोग के सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार एक बीमारी है और इसे जड़ से खत्म किया जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार से निपटने के लिए कई पहल की हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भ्रष्ट व्यक्तियों के खिलाफ शीघ्र कानूनी कार्रवाई बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती पर हम देश की एकता और अखंडता को अक्षुण रखने का संकल्प लेते हैं। राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि इसे पूरा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सरकार के काम–काज और कल्याणकारी योजनाओं में जनता का विश्वास शासन के लिए शक्ति का स्रोत है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में डीसी–एसपी सम्मेलन के दूसरे दिन के कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हमीरपुर, मंडी, कांगड़ा, कुल्लू, सिरमौर, शिमला और सोलन जिलों के अधिकारियों के साथ संवाद किया। उन्होंने सभी उपायुक्तों को उपमंडल स्तर पर राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं की समीक्षा करने और इस वर्ष 31 दिसंबर तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अवैध खनन और मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध खनन को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए स्थानीय लोगों को शामिल करने पर भी बल दिया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के लिए आईजी स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में एक विंग बनाने पर विचार कर रही है। मुख्यमंत्री ने युवाओं को नशे से बचाने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को भी दोहराया। उन्होंने सभी उपायुक्तों को एफसीए क्लीयरेंस मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि लोगों को समय पर विकास परियोजनाओं का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रयासरत है।

चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास के लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्यरत है। उन्होंने आज कांगड़ा ज़िला के ज्वाली में सभी विभागीय अध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान ये बात कही। चंद्र कुमार ने कहा कि समाज के सभी वर्गों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार ने अनेक कल्याणकारी नीतियां और फ्लैगशिप कार्यक्रम शुरू किए हैं। उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने और इन्हें समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए। बाद में कृषि मंत्री ने जनसमस्याएं भी सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को इनके निपटारे के निर्देश दिए।

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि भारत धार्मिक व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से प्रेरित देश है, जहां एक सौ 40 करोड़ देशवासी अलग–अलग धर्म व संस्कृति के बावजूद एक परिवार और समुदाय के रूप में रहते हैं। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में आयोजित 67वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के समापन अवसर पर आज उन्होंने ये बात कही। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत प्रौद्योगिकी से लैस एक आधुनिक राष्ट्र है, जिसकी टैक्नोलॉजी की मिसाल दुनियाभर में दी जाती है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश भी इस दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है और प्रदेश विधानसभा के ई–विधान मॉडल की देश–विदेश में प्रशंसा की जाती है। सम्मेलन के अंतिम दिन के विषय भेदभावपूर्ण कानून का मुकाबला– लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ सक्रियता के 3 सौ 65 दिन पर बोलते हुए कुलदीप पठानिया ने कहा कि लिंग आधारित हिंसा मानवाधिकारों का व्यापक उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि भेदभावपूर्ण कानून का मुकाबला करने में अंतर्राष्ट्रीय रूपरेखा और सम्मेलन महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री सिकंदर कुमार ने आज शिमला के समीप मॉडल सैंट्रल जेल कंडा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कैदियों से बातचीत की और उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों की खरीददारी की। सिकंदर कुमार ने बताया कि कैदियों द्वारा बनाए गए उत्पादों की गुणवत्ता बेहतरीन है। राज्यसभा सांसद ने जेल प्रशासन द्वारा

कैदियों के लिए की गई व्यवस्था व प्रबंधों पर संतोष जताया। सिकंदर कुमार ने सांसद निधि से कंडा जेल के लिए 5 लाख रूपये देने की घोषणा भी की।

भाजपा

शिमला जिला भाजपा की बैठक का आज शिमला स्थित पार्टी कार्यालय दीपकमल में जिला अध्यक्ष प्रेम ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सत्ती ने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई है तब से जनता पर नए–नए टैक्स का बोझ बढ़ाया जा रहा है। सत्ती ने बताया कि प्रदेश सरकार को जनता की कोई चिंता नहीं है और यह सरकार बिल्कुल फेल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हिमाचल अपनी सुंदरता और ईमानदारी के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है, लेकिन कांग्रेस सरकार ने देशभर में हिमाचल की किरकिरी कर दी है।

————————